परियोजना का नामः— जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत राज्य योजना में डिम्मर–सुमल्टा मोटर मार्ग के कि0मी0 6 से ग्राम कोलाडुंग्री तक मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु 0.805 है0 सिविल भूमि एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.056 है0 कुल 0.861 है0 सिविल भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।

## प्रारूप–6

### प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

आज दिनांक 05.01.2021 को नि0.ख.लो.नि.वि. गौचर के द्वारा **जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के अन्तर्गत राज्य योजना में डिम्मर–सुमल्टा मोटर मार्ग के कि0मी0 6 से ग्राम कोलाडुंग्री मोटर मार्ग** /प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से **श्री चन्द्र प्रकाश (वन दरोगा, नंदप्रयाग रेंज)**, राजस्व विभाग की ओर से श्री देवेन्द्र कण्डारी (उप निरीक्षक थापली) प्रस्ताव विभाग की ओर से **मोहम्मद राशिद (सहायक अभियन्ता), श्री प्रतीक अग्रवाल, अपर सहायक अभियन्ता** निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 गौचर एवं **श्री सुशील खण्डूडी (ग्राम प्रधान, कोलाडुंग्री)** के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखण के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखण के चयन हेतु भाग लिया गया।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें **नाप भूमि 1.075 (कि0मी0), सिविल वन भूमि 1.150 कि0मी0 कुल लम्बाई 2.225 (कि0मी0)** प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 2.225 कि0मी0 मे नाप भूमि 0.7525 है0, सिविल भूमि 0.805 है0 एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.056 है0 कुल 1.6135 है0 में से कुल 0.861 है0 **सिविल भूमि** हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखण पर/चुने गये स्थल पर लगभग **121 वृक्ष** चीड एवं भीमल के प्रभावित होंगे। जिसमें बांज प्रजाति के वृक्षो की संख्या शून्य है।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें नाप भूमि 1.100 **(कि0मी0)** सिविल वन भूमि, 1.400 कि0मी0 **कुल लम्बाई 2.500 (कि0मी0)** प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 2.500 कि0मी0 में नाप भूमि 0.770 है0 सिविल वन भूमि 0.980 है0, एवं मक डिस्पोजल हेतु 0.056 है0 कुल 1.806 है0 में से 1.036 है0 सिविल भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखण पर/चुने गये स्थल पर लगभग **155 वृक्ष** चीड एवं भीमल के प्रभावित होंगे। जिसमें बांज प्रजाति का कोई भी वृक्ष प्रभावित नहीं होगा।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपर्युक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपर्युक्त समरेखण ग्राम कोलाडुंग्री की सिविल भूमि में स्थित है। चुने गये समरेखण के प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 30°13'52.21"N, 79°16'27.62"E है तथा समरेखण के अन्तिम स्थल का GPS मान 30°13'14.73" N, 79°16'37.13"E है। चयनित समरेखण में कुल **038** पौधो को अन्य स्थानान्तरित किया जाना आवश्यकता होगा। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारण्य का हिस्सा है/नहीं है।

चयनित उपयुक्त स्थल पर 2.225 कि0मी0 के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उनके निस्तारण हेतु 3 स्थल उपर्युक्त पाये गये है। जिनका GPS मान (79°16'28.13"E) 30°13'51.89"N), (79°16'8.11"E, 30°14'3.01"N), 79°16' 20.27"E, 30°13'14' 5.7"N) अन्य आवश्यक विवरण –संलग्न है।

| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 गौचर | वन क्षेत्राधिकारी नन्दप्रयाग रेंज बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर | | उपप्रभागीय वनाधिकारी बद्रीनाथ वन प्रभाग गोपेश्वर | प्रधान ग्राम पंचायत कोलाडुंग्री |